आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 16.05.2024 **समय : 02.10 pm**

मुख्यमंत्री झारखंड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज झारखंड के हजारीबाग और कोडरमा के प्रवास पर है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह हजारीबाग लोकसभा के जेल मैदान ओर फिर कोडरमा लोकसभा के जयनगर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर तीन बजे ग्वालियर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

डेंगू दिवस

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साल 2016 से हर वर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य मानसून के पूर्व वाहक जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक करना है। इस वर्ष यह दिवस "कनेक्ट विथ कम्युनिटी, कंट्रोल डेंगू" की थीम पर मनाया जा रहा है। भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संस्थानों सहित शैक्षणिक संस्थाओं, रहवासी क्षेत्रों, शासकीय एवं निजी संस्थानों में जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पन्ना जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डेंगू रोग से बचाव के लिए कोई विशिष्ट उपचार नहीं है इसलिए बचाव ही इससे सुरक्षा। यह रोग मादा एडीज मच्छर के द्वारा फैलता है। यह मच्छर संग्रहित साफ पानी में अंडे देता है और एक सप्ताह में मच्छर बन जाता है। इसलिए घरों में संग्रहित पानी एवं कूलर के पानी को प्रति सप्ताह आवश्य बदलना चाहिए। यह मच्छर दिन के समय काटता है। इसलिए पूरी बाह के कपड़े पहनना चाहिए।

सिंधिया राजमाता

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवीराजे सिंधिया का आज शाम पांच बजे ग्वालियर में अंतिम संस्कार होगा। आज उनकी पार्थिव देह ग्वालियर के रानी महल में अंतिम दर्शन के लिए रखी गई । इसके बाद शाम पांच बजे सिंधिया छत्री पर उनका राजसी परंपरा के अनुसार अंतिम संस्कार किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री सिंधिया की मां माधवी राजे का कल सुबह 75 वर्ष की उम्र में दिल्ली में निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार में प्रदेश और देश के अलग–अलग राज्यों से राजनीति, कारोबार और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अलावा प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व तुलसीराम सिलावट सहित कई मंत्री शामिल होंगे। नेपाल, जम्मू–कश्मीर व बड़ोदा सहित देश के कई राजपरिवार भी अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

मानसून प्रदेश

प्रदेश में भीषण गर्मी से परेशान नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। इस बार मप्र में मानसून तय समय पर पहुंचने के आसार है। भारत मौसम विभाग ने कल देर रात मानसून को लेकर पूर्वानुमान जारी कर दिया है। इस बार दक्षिण पश्चिम मानसून तय समय पर यानी 20 जून या उसके आसपास भोपाल पहुंच सकता है। इससे दो दिन पहले इसके मप्र में दाखिल होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के पश्चिमी हिस्से के भोपाल, उज्जैन, इंदौर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल संभागों में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। इनमें 104 से 106 प्रतिषत तक बारिश हो सकती है। जबलपुर, सागर, रीवा व शहडोल संभाग में कम बारिश हो सकती है। प्रदेश में बारिश 100 प्रतिषत होने की संभावना है। इस बीच मौसम विभाग आज से 4–5 दिन प्रदेश में एक बार फिर गर्मी में बढोतरी होने के संकेत दिए 18 मई से इसकी हीटवेव की तीव्रता और बढ जाएगी।

समाचार संक्षेप :–

- मृदा परीक्षण जागरूकता अभियान के तहत आगरमालवा कृषि विज्ञान केन्द्र व किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा कल जिले के ग्राम पालखेड़ी में किसानों को मिट्टी का नमूना लेने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में बताया गया।
- शिवपुरी जिले में शासकीय स्कूलों में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम कम रहने से इसको लेकर कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी विभिन्न विकासखंडों पर समीक्षा बैठक कर रहे हैं ।कल कलेक्टर ने करैरा और नरवर विकासखंड में पहुंचकर बैठक ली।
- सिंगरौली में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने उपरांत एसपी निवेदिता गुप्ता ने नवीन पहल करते हुए जिला सिंगरौली के टॉपर्स छात्र–छात्राओं को अभिभावकों, शिक्षकों सहित एसपी कार्यालय में होनहार छात्र–छात्राओं के लिए टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया।

....